Enc-10

# कार्यालय नगर पालिका परिषद अमरोहा जनपद–अमरोहा

पत्रांकः– 1035/का0अ0/2023 दिनांकः– 28/12/2023

## नोटिस

प्रबन्धक/प्रधानाचार्य
मैस्को इन्स्टीटयूट ऑफ फार्मेसी
निजामपुर गर्वी, धनौरा रोड, अमरोहा

---

अवगत कराना है कि श्री सैयद अशहर तौसीफ पुत्र स्व0 श्री तौसीफ हसन निवासी मौहल्ला गश्तियान, अमरोहा द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत प्रस्तुत आवेदन दिनांक 19.10.2023 मे अनुरोध किया है कि आपके द्वारा आपके विद्यालय की मान्यता के सम्बन्ध मे प्राविधक शिक्षा विभाग लखनऊ को प्रस्तुत अभिलेखों मे मैस्को इन्स्टीटयूट ऑफ फार्मेसी निजामपुर गर्वी धनौरा रोड, अमरोहा के नगर पालिका परिषद अमरोहा द्वारा जारी भू–स्वामित्व प्रमाण पत्र (छाया प्रति संलग्न) प्रस्तुत किया गया है। उक्त जानकारी/अभिलेख श्री सैयद अशहर तौसीफ को सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अन्तर्गत प्राविधिक शिक्षा विभाग लखनऊ से प्राप्त हुई है। आवेदक द्वारा इस कार्यालय से उक्त प्रमाण पत्र का सत्यापन करने का अनुरोध उक्त जनसूचना आवेदन के माध्यम से किया गया है। उल्लेखनीय है कि इस कार्यालय द्वारा ऐसा कोई प्रमाण पत्र मैस्को इन्स्टीटयूट ऑफ फार्मेसी निजामपुर गर्वी धनौरा रोड, अमरोहा को जारी नही किया गया है। सम्बन्धित प्रमाण पत्र इस कार्यालय से दिनॉक 24–01–2018 को जारी होना अंकित है जबकि निजामपुरगर्वी क्षेत्र शासन की अधिसूचना दिनॉक 21–7–2022 तक इस कार्यालय के प्रशासनिक क्षेत्र का सम्मिलित क्षेत्र भी नही था तथा वर्ष 2018 मे ऐसा कोई प्रमाण पत्र पालिका द्वारा जारी नही किया जा सकता था। उक्त से स्पष्ट है कि नगर पालिका परिषद अमरोहा के नाम से कूटरचित प्रमाण पत्र (अभिलेख) अन्य शासकीय विभागो में अवैध रूप से प्रयोग किया गया है। प्रथमदृष्टया प्रकरण अवैध रूप से शासकीय लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से कूटरचित अभिलेखो को बनाये जाने की गम्भीर प्रवृत्ति का है।

अतः आपको इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप उपरोक्त के सम्बन्ध में अपना लिखित पक्ष इस नोटिस प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करें कि आप द्वारा इस कार्यालय के नाम से फर्जी प्रमाण पत्र प्राविधिक शिक्षा विभाग लखनऊ को प्रस्तुत क्यों किया गया ? निर्धारित समयावधि अन्तर्गत आपके द्वारा उपरोक्त के सम्बन्ध में लिखित पक्ष प्रस्तुत न किये जाने पर यह मानते हुये कि उक्त के सम्बन्ध में आपको कुछ नही कहना है, तदानुसार कूटरचित शासकीय अभिलेखो का उपयोग किये जाने के आरोप में सुसंगत धाराओ में विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद अमरोहा

प्रतिलिपिः–
1–जिलाधिकारी महोदय, जनपद अमरोहा की सेवा में सादर सूचनार्थ।
2–श्री सैयद अशहर तौसीफ पुत्र स्व0 श्री तौसीफ हसन निवासी मौहल्ला गश्तियान, अमरोहा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद अमरोहा

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
अमरोहा

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये Rs. 100

14 MAY 2018

रु 100 ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH **शपथ पत्र** EB 952867

मैं कमाल फारुकी, अध्यक्ष, राशिदा वेगम मुस्लिमं महाविद्यालय, पुत्र श्री नफीस अहमद फारुकी, उम्र 54 वर्ष निवासी धनओरा रोड़, अमरोहा, प्राधिकृत हस्ताक्षरी मेरको इन्स्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एण्ड पेरा मेडिकल साईन्स्सि, अमरोहा द्वारा शपथपूर्वक घोषणा करता हूँ कि :–

1. मेरको इन्स्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एण्ड पेरा मेडिकल साईन्स्सि कॉलेज में आयुर्वेदिक उपचारिका पाठयक्रम के संचालन के लिए मेरे द्वारा पैनल निरीक्षण सदस्यों को उपलब्ध कराये गये सभी प्रपत्र एवं विवरण सत्य एंव सही है।

2. जिस उल्लिखित भवन का पैनल निरीक्षण कराया गया है उसमें बोर्ड द्वारा संचालित पाठयक्रम के अतिरिक्त अन्य कोई पाठयक्रम संचालित नहीं है और न ही भविष्य में संचालित किया जायेगा। तथा बोर्ड द्वारा लिया गया निर्णय मान्य होगा।

3. उपर्युक्त सूचना बिंदु 1 एंव 2 मेरी जानकारी के अनुसार पूर्णतः सही है। ईश्वर मेरी मदद करें।

NOTARY R.B.Singh R.N. 20/13/2000 Govt. of India 26/6/18

हस्ताक्षर शपथकर्ता

Kamal 26/6/18

Muslim Mahavidalaya

(कमाल फारुकी)

अध्यक्ष President

राशिदा बेगम मुस्लिम महाविद्यालय

MAHAVIDALAYA
(A Registered Trust)

Dhanaura Road, Amroha - 244221 (U.P.)
05922 - 260014, 260013

Ref.No.- RBMM/11/2018

Date:-02/05/2018

# RESOLUTION

## Establishment of New Ayurvedic Nursing & Ayurvedic Pharmacy College

That the Rashida Begum Muslim Mahavidalaya vide its executive meeting held on 02-05-2018 at Dhanaura Road, Distt - Amroha (U.P.) vide item no. RBMM/11/2018 have resolved that Rashida Begum Muslim Mahavidalaya shall apply to start MESCO Institute of Nursing and Para Medical Sciences to offer Medical education in Ayurvedic Nursing & Ayurvedic Pharmacy and shall allocate land at Nijampur Garbi, Dhanaura Road, Amroha (U.P.) at Aaraji No./Khasra No. 402 and 403 total land measuring 1.12 Acres which is earmarked for the proposed MESCO Institute of Nursing and Para Medical Sciences at Nijampur Garbi, Dhanaura Road, Amroha (U.P.) required funds for creation of carpet and built up area in MESCO Institute of Nursing and Para Medical Sciences at Nijampur Garbi, Dhanaura Road, Amroha (U.P.) as required for proposed institute namely , MESCO Institute of Nursing and Para Medical Sciences and shall allocate required funds for procurement of equipments, furniture and other required entities for smooth functioning of the same.

Dhanaura, Amroha

Kamal Faruqui 2/5/18

Mr. Kamal Faruqui
President
Rashida Begum Muslim Mahavidalaya

Rashida Begum Muslim Mahavidalaya

President

Rashida Begum Muslim Mahavidalaya

President

